TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

https://www.facebook.com/teachersofbihar

https://www.linkedin.com/company/teachersofbihar

www.teachersofbihar.org

2024

21 अगस्त 2024

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

हम वही हैं जो हमारे विचारों ने हमें बनाया है

इसलिए अपने विचारों का ध्यान रखें।

**स्वामी विवेकानंद जी**



राकेश कुमार

Teachers of Bihar

*The change makers*

# दिवस ज्ञान

शशिधर उज्जवल

## 21 अगस्त

1. **विश्व वरिष्ठ नागरिक दिवस–** आज विश्व वरिष्ठ नागरिक दिवस है यानि बुजुर्गों को सम्मान देने का दिवस। भारतीय संस्कृति में सदा से ही बुजुर्गों को ऊँचा स्थान प्रदान किया गया है। भारत में 60 वर्ष से अधिक उम्र के व्यक्ति को वरिष्ठ नागरिक की श्रेणी में रखा जाता है। यह दिवस प्रतिवर्ष 21 अगस्त को मनाया जाता है। यह पहली बार 14 दिसम्बर, 1990 ई. को संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा घोषित किया गया था। यह उत्सव पहली बार 1 अक्टूबर, 1991 ई. को मनाया गया था।

2. **वैज्ञानिक एस. चंद्रशेखर का निधन–** भारत के प्रसिद्ध वैज्ञानिक सुब्रह्मण्यम चंद्रशेखर का निधन 21 अगस्त, 1995 ई. को शिकागो में हुआ। भौतिकी शास्त्र पर उनके अध्ययन के लिए उन्हें विलियम ए. फाउलर के साथ वर्ष 1983 में भौतिकी का नोबेल पुरस्कार भी प्राप्त हुआ था। इन्होंने नक्षत्रों के लिए नियम का प्रतिपादन किया था और 'चन्द्रशेखर सीमा' की खोज की थी। उन्होंने सौरमंडल से संबंधित विषयों पर अनेक किताबें लिखीं।




Wednesday



Madhu priya

मधु प्रिया


# विश्व वरिष्ठ नागरिक दिवस 21 अगस्त



विश्व वरिष्ठ नागरिक दिवस हर साल 21 अगस्त को उन मुद्दों पर जागरूकता बढ़ाने के लिए मनाया जाता है जो बूढ़े लोगों को प्रभावित करते हैं। इस दिवस का उद्देश्य वरिष्ठ नागरिकों के योगदान को पहचानना और उनकी बढ़ती उम्र में उनका सहयोग करना है। यह दिन उनके जीवन भर के समर्पण, उपलब्धियों और सेवाओं के लिए हमारी प्रशंसा दिखाने का अवसर देता है। संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट के अनुसार सन् 2050 तक करीब 2 अरब लोग सीनियर सिटीजन होंगे और शीर्ष पर एशिया महाद्वीप होगा। जहां सबसे ज्यादा लोग 60 वर्ष की आयु पार कर चुके होंगे। वर्ल्ड सिटीजन वर्ल्ड सीनियर सिटिजन डे का इतिहास 1988 तक जाता है जब अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति रोनाल्ड रीगेन ने इस दिन को आधिकारिक तौर पर स्थापित किया। उन्होंने 21 अगस्त 1988 को हस्ताक्षर करके नेशनल डे ऑफ थर्ड ऐज की घोषणा की थी। इसी कारण हर साल 21 अगस्त वर्ल्ड सीनियर सिटिजन डे मनाया जाता है। यह उत्सव पहली बार 1991 में हुआ था। इस दिन का उद्देश्य उन कारकों और मुद्दों के बारे में जानना है, जो वृद्ध वयस्कों को प्रभावित करते हैं, जैसे कि स्वास्थ्य में गिरावट और बुजुर्गों के साथ दुर्व्यवहार। यह समाज में वृद्ध लोगों के योगदान को पहचानने और स्वीकार करने का भी दिन है।

# पुण्यतिथि विशेष 21 अगस्त

राकेश कुमार




**सुब्रह्मण्यम चंद्रशेखर** (जन्म- 19 अक्तूबर, 1910 - मृत्यु- 21 अगस्त, 1995) खगोल भौतिक शास्त्री थे और सन् 1983 में भौतिक शास्त्र के लिए नोबेल पुरस्कार विजेता भी थे। उनकी शिक्षा चेन्नई के प्रेसीडेंसी कॉलेज में हुई। वह नोबेल पुरस्कार विजेता सर सी. वी. रमन के भतीजे थे। बाद में डॉ. चंद्रशेखर अमेरिका चले गए। जहाँ उन्होंने खगोल भौतिक शास्त्र तथा सौरमंडल से संबंधित विषयों पर अनेक पुस्तकें लिखीं।

Teachers of Bihar

The Change Makers

राकेश कुमार

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 21.08.2024

## अभिव्यक्ति का उदाहरण

आपके चेहरे पर दिखने वाला भाव - उदास, खुश, ऊबा हुआ, खुश - एक अभिव्यक्ति है। आपकी अभिव्यक्ति लोगों को बताती है कि आप क्या महसूस कर रहे हैं, जब तक कि आप अपनी भावनाओं को छिपाने में अच्छे न हों। अभिव्यक्ति लैटिन शब्द से आई है जिसका अर्थ है "दबाना" और इसे अभी भी इस तरह से इस्तेमाल किया जा सकता है।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान

Rakesh kumar



"ओलियंडर" हिरोशिमा शहर का आधिकारिक फूल है, क्योंकि हिरोशिमा शहर पर 1945 में अमेरिका द्वारा गिराए गए परमाणु बम के विस्फोट के बाद उस जगह ये पहली चीज थी जिसमे जीवन थी।

www.teachersofbihar.org


## खेल सामान्य ज्ञान

**13. किस भारतीय संगठन ने हाल ही में स्वच्छ खेलों के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए #PlayTrue अभियान का आयोजन किया?**

राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (NADA)

**14. हाल ही में 21वीं अंडर-20 एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2024 में स्वर्ण जीतने वाले हर्षित कुमार किस खेल से संबंधित हैं?**

एथलेटिक्स



**15. हाल ही में संन्यास की घोषणा करने वाले सौरव घोषाल किस खेल से जुड़े हैं?**

स्क्वैश

**16. हाल ही में निधन हो चुके रमन सुब्बा रो किस खेल से जुड़े थे?**

क्रिकेट

**17. किस देश की फुटबॉल टीम ने 2023 में इंटरकॉन्टिनेंटल कप जीता?**

भारत

# विश्व वरिष्ठ नागरिक दिवस



21 अगस्त

**वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान करना, उनकी देखभाल करना हमारी नैतिक जिम्मेदारी ही नहीं, कर्तव्य भी है।**

Madhu priya

/teachersofbihar

21 अगस्त

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS



'इस्मत आपा' के नाम से प्रसिद्ध,
उर्दू की प्रसिद्ध लेखिका

# इस्मत चुगताई


की जयंती पर कोटि-कोटि नमन।

जन्म: 21 अगस्त 1915
निधन: 24 अक्टूबर 1991

Madhu priya


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
भारत रत्न
21 अगस्त
शहनाई के जादूगर
भारत रत्न
उस्ताद
बिस्मिल्लाह खां
की पुण्यतिथि पर सादर नमन
21 मार्च 1916 - 21 अगस्त 2006
www.teachersofbihar.org
Punita Kumari

21 अगस्त



विख्यात भारतीय-अमेरिकी खगोलशास्त्री नोबेल पुरस्कार प्राप्त

## सुब्रह्मण्यन् चन्द्रशेखर

की पुण्यतिथि पर कोटि-कोटि नमन।

19 अक्टूबर 1910-21 अगस्त 1995

Madhu priya

/teachersofbihar


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
21 मार्च 1916 - 21 अगस्त 2006
भारत रत्न
भारत के सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न से
सम्मानित प्रख्यात शहनाई वादक
उस्ताद बिस्मिल्ला ख़ाँ
की पुण्यतिथि पर सादर नमन।
Madhu priya
/teachersofbihar